डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow**
**Office :** Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांक:CoE– 593 / CoE-24Vol-IV / MBBS Suppl./Reg.Exam-Jan- 2023/DSMNRU/2022—23 दिनांक 07 .01.2023

## ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

**{MBBS Regular/Supplementary Examination-Jan, 2023}**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि MBBS पाठ्यक्रम के अन्तर्गत MBBS-1st Proff.-batch-2020-21, MBBS-2nd Proff.-(batch-2020-21/2019-20, MBBS-3rd Proff. (**Part-I**-batch-2019-20/2018-19/2017-18) & MBBS-3rd Proff. (**Part-II**-batch-2018-19/2017-18/ 2016-17-**Regular/Supplementary-Examination-Jan, 2023** हेतु दिनांक 20 जनवरी, 2023 से प्रस्तावित परीक्षा आयोजन की प्रकियान्तर्गत, प्राचार्य, टी0एस0मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ द्वारा ई–मेल के माध्यम से दिनांक 02.01.2023 को प्रेषित पात्रता–सूची के अनुक्रम में संबंधित अर्ह/पात्र विद्यार्थीगण निम्नलिखित व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर समयबद्ध ऑन लाइन परीक्षा–आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें।

1). उपर्युक्तानुसार अर्ह/पात्र विद्यार्थियों से अपेक्षित है कि वे **दिनांक 07.01.2023 से दिनांक 16.01.2023** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (Enrollment No./Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये संबंधित पाठ्यक्रम की परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करेंगे।

2). आवेदन करने वाले विद्यार्थी, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN) में नियमित परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क रू0 14500/– मात्र तथा पूरक परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क रू0 3500/–मात्र प्रतिविषय (जो जिस पर लागू हो) के सहित शुल्क–धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी। अतः ऑन लाइन आवेदन में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, क्योंकि आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और **न ही किसी भी दशा में शुल्क वापसी की जायेगी।** अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान/कॉलेज स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3). विद्यार्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन एवं जमा किये शुल्क की रसीद सहित मूल प्रति समस्त संलग्नकों सहित अपने संबंधित संस्थान में जमा करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें तथा उसकी छायाप्रति अपने पास रिकार्ड हेतु अवश्य सुरक्षित रखेंगे।

4). ऑन–लाइन सबमिशन की समस्या हेतु **हेल्पलाइन नं0**–9667277184 तथा Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे।

उपरोक्तानुसार यदि किसी भी स्तर पर परीक्षा आवेदन में दी गई सूचना/विवरण असत्य, भ्रामक, अपूर्ण, अपठनीय/अस्पष्ट पाई जाती है अथवा परिलक्षित होती है तो विश्वविद्यालय को परीक्षा आवेदन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा उसे उक्त परीक्षा एवं परीक्षा परिणाम से वंचित रखा जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित आवेदक की होगी।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. सिस्टम एनॅलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
5. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से कि अपने स्तर से अर्ह/पात्र विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही/ अनुपालन सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन की हार्ड–कॉपी समस्त संलग्नक सहित अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें तथा उससे संबंधित सूचीबद्ध सम्पूर्ण विवरण सहित परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ससमय अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
6. शाखा प्रबन्धक, बैंक ऑफ बड़ौदा, मोहान रोड, विश्वविद्यालय, परिसर, लखनऊ।
7. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एजेन्सी के प्रतिनिधि।
8. गार्ड फाइल।

7/1/23

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक